तापमान
अधिकतम 35 .6 डिग्री
न्यूनतम 19 .0 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, बुधवार, 7 मई 2025

11 लड़का-लड़की एक समान बेटी को दो पूरा सम्मान ...

12 हत्या के विरोध में परिजनों ने चौकी के बाहर किया प्रदर्शन

खबर संक्षेप

महिला के बैग से एक लाख 40 हजार रुपये चुराए

यमुनानगर रादौर बस स्टैंड पर चोरों ने एक महिला के बैग से एक लाख 40 हजार रुपए चोरी कर लिए। मामला करीब 10 दिन पहले का है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव खुर्दबन निवासी दिव्या गुप्ता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 26 अप्रैल को शाम पौने सात बजे बस में सवार होकर अपने घर लौट रही थी। जब वह रादौर बस स्टैंड पर पहुंची तो चोरों ने उसके बैग से एक लाख 40 हजार रुपये चोरी कर लिए। जब वह घर पहुंची तो उसे बैग से पैसे गायब मिले।

खैर के पेड़ घर में छिपाने के आरोप में पांच पर केस

यमुनानगर खैर तस्करों ने जंगल से खैर के पेड़ काटकर घर में छीपा लिए। वन विभाग के अधिकारियों को जब इसकी सूचना मिली तो विभाग के अधिकारियों ने घर में छापामारी की। छापामारी के दौरान 35 खैर के टुकड़े बरामद हुए। पुलिस ने मामले की जांच के बाद पांच खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार डारपुर बीट के उप वन राजिक अधिकारी मोबीन खान ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि गांव इब्राहिमपुर के जंगल से गांव के ही अदरीश, लियाकत, अकरम, अली हसन ने खैर के पांच पेड़ों को चोरी से काटकर उसके टुकड़ों को गांव के ही इरफान उर्फ फाना के घर में छिपाया हुआ है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ आरोपी इरफान के घर पर दबिश दी। जांच के दौरान उसके घर से खैर के 35 छीले हुए टुकड़े बरामद हुए। इस दौरान वहां से आरा, कुल्हाड़ी व पेड़ काटने का अन्य सामान बरामद हुआ।

रोजगार प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 8 मई को

कुरुक्षेत्र। जिला रोजगार अधिकारी सीमा सैनी ने कहा कि जिला रोजगार कार्यालय द्वारा इच्छुक प्रार्थियों को जॉब के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए 8 मई को प्रातः 9:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय के प्रांगण में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करवाया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी सीमा सैनी ने कहा कि इस प्लेसमेंट ड्राइव में 12वी, स्नातक, स्नातकोत्तर अन्य डिप्लोमा प्रार्थियों के भाग ले सकते है। इस प्लेसमेंट ड्राइव में एचडीएफसी बैंक, ओम लॉजिस्टिक्स व टाटा एआइ आदि कंपनियों के द्वारा प्रार्थियों का चयन किया जाएगा तथा प्लेसमेंट ड्राइव में 20 वर्ष से 45 वर्ष की आयु के प्रार्थी जो कि 12वी स्नातक, स्नातकोत्तर पास है, भाग ले सकते हैं।

बराड़ाः घर को चोरों ने बनाया निशाना

बराड़ा। प्रीत कॉलोनी में एक सुने पड़े घर को चोरों ने निशाना बनाया और लाखों के माल पर हाथ साफ किया। गांव राजोखेड़ी के स्कूल में कार्यरत टीचर सुमन बाला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 3 मई को अपनी बेटी को परीक्षा दिलवाने के लिए कुरुक्षेत्र गई थीं और 5 मई की सुबह लगभग 9:15 बजे जब वह घर लौटीं, तो घर के अंदर का सारा सामान बिखरा हुआ था। घर से एक एसी, एलईडी टीवी, इन्वर्टर, सात-आठ जोड़ी पाजेब, एक सोने की चेन और दो सोने की अंगूठियां चोरी हो चुकी हैं।

ट्रेन में एक लाख का फोन छीना

पानीपत। दिल्ली से मालवा एक्सप्रेस में सवार होकर पानीपत आ रहे ओमप्रकाश कुमार सिंह निवासी औरंगाबाद, बिहार ने आरोप लगाया कि ट्रैवलिंग टिकट इन्स्पेक्टर्स (टीटीआई) ने उनका एक लाख रुपये कीमत का मोबाइल छीन कर फरार हो गया। पानीपत पहुंचने पर ओमप्रकाश की शिकायत पर जीरो एफआईआर दर्ज कर रेलवे पुलिस थाना को आगे की जांच के लिए भेज दी।

अंबाला शहर के विधायक निर्मल सिंह ने एंटी क्रप्शन ब्यूरो को भेजा लेटर

ऐतिहासिक नौरंग राय तालाब व महावीर पार्क के सौंदर्यकरण में हुआ बड़ा घोटाला

- निष्पक्ष ढंग से करवाएं जांच, जनता के पैसे की हुई लूट, जरुरत पड़ी तो विधानसभा में उठाएंगे मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के विधायक निर्मल सिंह ने दस साल से अधर में लटके ऐतिहासिक नौरंग राय तालाब व महावीर पार्क के सौंदर्यकरण में बड़ा घोटाला होने का दावा किया है। इसी वजह से उन्होंने दोनों योजनाओं में हुए कथित घोटाले की जांच के लिए एंटी क्रप्शन ब्यूरो को लेटर भेजा है। पूर्व मंत्री ने कहा कि यह पवित्र सरोवर व पार्क लोगों की धार्मिक भावनाओं और आस्था का केंद्र है। धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैद्ध एंटी करप्शन ब्यूरो के महानिदेशक को भेजे पत्र में निर्मल सिंह ने योजनाओं के निर्माण में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं और सरकारी धन के दुरुपयोग की बात कही है। उनका आरोप है कि परियोजनाओं में लाखों रुपये के घोटाला हुआ है। घटिया सामग्री के उपयोग और मापदंडों की अनदेखी की वजह से ये योजनाएं अभी तक सिरे नहीं चढ़ पाई हैं। लेटर में उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के जरिए न केवल जनता के धन की लूट हुई है बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता भी सवालों के घेरे में है।

अंबाला। ऐतिहासिक नौरंगराय तालाब का दृश्य। फोटोः हरिभूमि

लूट का अड्डा बने पवित्र सरोवर और पार्क

निर्मल सिंह ने अपनी प्रखर और आक्रामक शैली में कहा, जनता को पवित्र सरोवर की निर्मलता और सुंदर पार्क का सपना दिखाकर कुछ भ्रष्ट लोग सरकारी खजाने को दोनों हाथों से लूट रहे हैं। भगवान नौरंग राय पवित्र प्राचीन सरोवर, जो हमारी सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक धरोहर का प्रतीक है और लाखों लोगों की आस्था का केंद्र है, उसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया गया। श्री महावीर पार्क की हालत भी कुछ अलग नहीं है। ये परियोजनाएं जनता और उनकी धार्मिक भावनाओं के लिए नहीं, बल्कि ठेकेदारों और अधिकारियों की जेब भरने का जरिया बन गई हैं। सिंह ने प्रदेश सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा, यह शर्मनाक है कि जिस सरकार को जनता और उनकी धार्मिक आस्था के हितों की रक्षा करनी चाहिए, वह भ्रष्टाचार के इस नंगे नाच को मूकदर्शक बनकर देख रही है। जनता का पैसा जनता का हक है। हम इसे लुटने नहीं देंगे। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा, चाहे वह अधिकारी हों, राजनेता हों या ठेकेदार, कोई भी बख्शा नहीं जाना चाहिए।

पूर्व मंत्री ने हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो की निष्पक्षता और ईमानदारी पर भरोसा जताते हुए कहा हमें एसीबी पर पूरा विश्वास है कि वह इस मामले में निष्पक्ष और तेजी से कार्रवाई करेगी। यह जांच केवल भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करने के लिए नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और उनकी धार्मिक आस्था को बहाल करने के लिए भी जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि जरूरत पड़ी तो वह इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठाएंगे।

जनता के बीच जाकर आंदोलन की शुरुआत करेंगे। उन्होंने कहा कि भगवान नौरंग राय पवित्र प्राचीन सरोवर और श्री महावीर पार्क के निर्माण कार्यों में बार-बार देरी और गुणवत्ता की कमी ने जनता में गहरी नाराजगी पैदा की है। उन्होंने कहा की यह भ्रष्टाचार का खुला खेल है जो न केवल जनता के धन की लूट हैबल्कि उनकी धार्मिक आस्था के साथ भी खिलवाड़ है।

सरकारी खजाने से हुई लूट

विधायक निर्मल सिंह

विधायक निर्मल सिंह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से भगवान नौरंग राय पवित्र प्राचीन सरोवर और श्री महावीर पार्क के नाम पर सरकारी खजाने से लाखों रुपये खर्च किए गए लेकिन इन कार्यों की गुणवत्ता और निष्पादन की स्थिति शर्मनाक है। घटिया सामग्री का उपयोग, निर्माण में मापदंडों की अनदेखी और सरकारी धन का खुला दुरुपयोग इस बात का प्रमाण है कि इन परियोजनाओं को कुछ अधिकारियों, राजनेताओं और ठेकेदारों ने मिलकर लूट का अड्डा बना लिया है। उन्होंने इस घोटाले को जनता और उनकी धार्मिक आस्था के साथ विश्वासघात करार देते हुए कहा कि यह आम नागरिकों के हक और उनकी पवित्र भावनाओं पर डाका डालने की सुनियोजित साजिश है।

यमुनानगर। इस्माइलपुर के नजदीक हुए सड़क हादसे में क्षतिग्रस्त हुई स्कार्पियो व मोटरसाइकिल। फोटोः हरिभूमि

स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार दंपति की मौत

साढ़ौरा कोटला रोड पर इस्माइलपुर के पास हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले के साढ़ौरा कोटला रोड पर गांव इस्माइलपुर के पास बीती रात स्कॉर्पियो कार की टक्कर लगने से बाइक सवार दंपति की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात स्कार्पियो चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव श्यामपुर निवासी जगदीश अपनी पत्नी कांता के साथ बाइक पर सवार होकर किसी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। देर शाम जब वह दोनों समारोह से वापस अपने घर लौट रहे थे तो गांव इस्माइलपुर के पास सामने से तेज गति से आ रही स्कार्पियो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने हादसे की सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची मगर तब तक आरोपी स्कार्पियो चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम ने दोनों घायलों को साढ़ौरा के सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया मगर डॉक्टर ने उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जगाधरी सिविल अस्पताल रेफर कर दिया। जहां पर डॉक्टर ने जांच करने पर उन दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हादसे की सूचना मृतक के परिजनों को दी। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

राज्य कार्यकारिणी की कुरुक्षेत्र डिपो कार्यालय में हुई बैठक

ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन ने मांगें पूरी नहीं होने पर जताया रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन 1947 कि राज्य कार्यकारिणी की मीटिंग कुरुक्षेत्र डिपो कार्यालय में संपन्न हुई। अध्यक्षता राज्य प्रधान मायाराम उनियाल ने की। मीटिंग का संचालन राज्य महासचिव बलदेव सिंह मामू माजरा ने किया। मीटिंग में यूनियन के पूरे हरियाणा से डिपो प्रधान सचिव व कैशियर शामिल रहे। राज्य प्रधान मायाराम उनियाल, महासचिव बलदेव सिंह मामू माजरा ने कहा कि आज के समय में हरियाणा सरकार ने रोडवेज के बेड़े को अपंग बना दिया है। आए दिन रोडवेज की बसों को रैलियों में ले जाते हैं। पीछे से प्राइवेट वाले लोगों से दुर्व्यवहार करते हैं। कहीं रूट पर तो मन मर्जी का किराया वसूलते हैं। हरियाणा सरकार ने जो प्राइवेट रूट परमिट निकाले हैं यूनियन उसका पूर्व विरोध करती है। क्योंकि प्राइवेट परमिट हरियाणा की जनता की कोई मांग नहीं है। हरियाणा की जनता सरकारी बसों की ही मांग करती है। हरियाणा रोडवेज में अफसर शाही का बोलबाला है। वर्ष 2024 में सांझा मोर्चे की पूर्व परिवहन मंत्री व मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव उमाशंकर से वार्ता हुई थी।

- 15 मई को परिवहन मंत्री के आवास पर न्याय मार्च करेंगे यूनियन के कर्मचारी

कुरुक्षेत्र। बैठक में मौजूद ऑल हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी। फोटोः हरिभूमि

पानीपतः पूर्व विधायक के भतीजे की बलाना गांव में हत्या

इसराना। पानीपत के गांव बुलाना में सोमवार की रात को 76 वर्षीय बुजुर्ग बलवान सिंह की अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी। बलवान, गांव से बाहर बन रहे अपने निर्माणाधीन मकान में सोमवार की रात को सोने गए थे। मंगलवार की सुबह जब बलवान अपने गांव के अंदर पुराने घर पर नहीं पहुंचे तो उनका पुत्र राकेश उन्हें देखने के लिए निर्माणाधीन मकान में पहुंचा। जहां चारपाई पर बलवान का खून से लथपत शव पकडा। हत्यार ने हत्या के बार बलवान के शव पर चादर डाल दी थी। इधर, घटना की सूचना मिलने पर इसराना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की। पुलिस ने एफएसएल की टीम से भी घटनास्थल व शव की जांचा और कार्रवाई शुरू कर दी।

शंभू बॉर्डर से चोरी हुए सामान की रिकवरी न होने से किसानों में भारी रोष

शंभू बॉर्डर जा रहे किसानों को पुलिस ने रोका तो हाईवे पर ही धरने पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

प्रदर्शन के लिए शंभू बॉर्डर जा रहे किसानों को पुलिस ने बीच रास्ते में रोक लिया। पंजाब पुलिस द्वारा भी किसानों को रोकने के लिए खासी व्यवस्था की थी। इससे पहले पंजाब पुलिस ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को उनके घर में नजरबंद किया गया था।

अनाज मंडी में शांतिपूर्वक शंभू जाने को जुटे किसानों और मजदूरों को पुलिस ने मंडी का गेट बंद कर रोक दिया है। दोपहर में अंबाला से शंभू थाने की ओर कूच कर रहे किसानों को अंबाला पुलिस ने शंभू थाने जाने से रोक दिया। उन्हें मंजी साहिब गुरुद्वारे के बाहर रोका गया। दरअसल, हाल ही में खाली कराए गए शंभू बॉर्डर पर किसानों का काफी सारा सामान चोरी हो गया था। हालांकि इस संबंध में पुलिस ने केस भी दर्ज किया था लेकिन अभी तक ज्यादातर किसानों को उनका सामान वापस नहीं मिला है। इसके खिलाफ संयुक्त किसान मोर्चा गैर राजनीतिक द्वारा एक दिन के लिए शंभू थाने के घेराव की घोषणा की थी। मंजी साहिब गुरुद्वारे के पास पुलिस ने शम्भू सीमा का घेराव कर धरने में शामिल होने वाले किसानों को पुलिस ने रोक दिया। इस बीच किसानों व पुलिस में बहस भी हुई लेकिन भारी पुलिस बल ने किसानों को रोके रखा।

अंबाला। मंजी साहिब गुरुद्वारे के बाहर रोके जाने पर प्रदर्शन करते किसान।

तूड़ी से भरे ट्राले में आग, हादसा टला

इंद्री। करनाल स्टेट हाईवे पर कर्नल फार्म के सामने तूड़ी से भरे ट्राले में आग लगने से एक बड़ा हादसा होने से बच गया इस आगजनी में ट्राले में रखी तूड़ी जलकर राख हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह रादौर से पानीपत की ओर जा रहे एक तूड़ी से भरे ट्राले में इंद्री के कर्नल फार्म के पास आग लग गई। इस आग की सूचना तुरंत डायल 112 को दी गई जिसके बाद फायर ब्रिगेड की गाडी मौके पर पहुंची और फायर कर्मियों क्रेन की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। ट्राला ड्राइवर ने बताया कि वो रादौर से तूड़ी से भरे ट्राले को लेकर पानीपत की ओर जा रहे थे जैसी ही वे इंद्री के पास पहुंचे तो ट्राले का टायर फट गया जिसके चलते वे ट्राले को सड़क पर साईड मे लगा कर ट्राले का टायर लेने के लिए चले गए जब वे टायर लेकर वापिस आए तो ट्राले मे भरी तुडी मे आग लगी हुई थी। उन्होंने इस की सूचना तुरंत डायल 112 पर की जिन्होंने फायर बिग्रेड को बुलाया।

सामाजिक चिकित्सक महासंघ का प्रतिनिधि मंडल सीएम से मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सामाजिक चिकित्सक महासंघ हरियाणा का एक प्रतिनिधि मंडल मांगों को लेकर चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री आवास पर श्री नायब सिंह सैनी से मिला। सामाजिक चिकित्सक महासंघ हरियाणा के प्रतिनिधि मंडल की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ. श्री सुरेश शर्मा जी ने की। डॉ. सुरेश शर्मा ने कहा काफी लंबे समय से ट्रेनिंग को लेकर जो अधूरी पड़ी हुई मांगे हैं उनको जल्द लागू किया जाए और प्रदेश भर में अनुभव के आधार पर काम कर रहे प्रेक्टिसनर लोगों को अपनी सेवाएं दे सकें। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ श्री चंद तंवर, जिला अध्यक्ष कैथल डॉ. तेजपाल खटकड़, पानीपत जिला प्रधान डॉ. रमेश ढांडा, यमुनानगर से डॉ. काला राम, डॉ. बलजीत सैनी, डॉ. अनुज शर्मा, कुरुक्षेत्र से डॉ. राकेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

आयुष विवि 9 को करेगा योग कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2025 के प्रचार-प्रसार के लिए 43वां काउंटडाउन कार्यक्रम 9 मई को ब्रह्मसरोवर तीर्थ स्थित पुरुषोत्तमपुरा बाग में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 6:30 बजे होगा और इसमें 45 मिनट का कॉमन योग प्रोटोकॉल संपन्न कराया जाएगा। यह जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने दी। कुलपति प्रो. धीमान ने बताया कि मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान, नई दिल्ली द्वारा 100 दिन, 100 शहर, 100 संस्थान श्रृंखला के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है, जिसमें श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय को 43वें दिन का आयोजन करने का अवसर प्राप्त हुआ है। इस आयोजन का उद्देश्य योग के प्रति लोगों को जागरूक करना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना और स्वस्थ भारत समर्थ भारत की दिशा में योगदान देना है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन और योग विभाग दिन-रात तैयारियों में जुटे हैं।

वीसी प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान।

उपलब्धि हरियाणा के सर्वश्रेष्ठ सरकारी बहुविषयक विश्वविद्यालयों की श्रेणी में प्रथम स्थानः कुलपति

एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया उच्च शिक्षा रैंकिंग में मिली पहली रैंकिंग

कुवि ने शिक्षा, शोध, अनुसंधान सहित खेल एवं संस्कृति के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने शिक्षा, शोध, अनुसंधान सहित खेल एवं संस्कृति के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित किए है। यह बात उन्होंने मंगलवार को कुवि कुलपति कार्यालय में एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया हायर एजुकेशन रैंकिंग 2025-26 के तहत केयू को भारत के सर्वश्रेष्ठ सरकारी बहुविषयक विश्वविद्यालयों की श्रेणी में हरियाणा में प्रथम स्थान दिए जाने पर प्रसन्नता प्रकट करते हुए व्यक्त किए। कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने सभी केयू शिक्षक संकाय सदस्यों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों को इस अवार्ड की बधाई देते हुए कहा कि देशभर में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सरकारी बहुविषयक विश्वविद्यालयों की श्रेणी में हरियाणा में प्रथम स्थान प्राप्त करना बड़े गर्व एवं गौरव का विषय है। कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बताया कि एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया हायर एजुकेशन द्वारा विश्वविद्यालयों की संकाय की क्षमता, वेलफेयर और विकास, अनुसंधान और नवाचार, पाठ्यक्रम और शिक्षण, उद्योग इंटरफेस, प्लेसमेंट, बुनियादी ढांचे और सुविधाओं, अंतर्राष्ट्रीयता, लीडरशिप, गवर्नेंस गुणवत्ता आदि मानकों का मूल्यांकन एवं सर्वेक्षण करने के बाद केयू को 921 अंकों के साथ सरकारी बहुविषयक विश्वविद्यालयों की श्रेणी में हरियाणा में प्रथम स्थान मिला। उन्होंने बताया कि केयू को सर्वाधिक अंक संकाय क्षमता व ढांचागत विकास तथा उपलब्ध सुविधाओं के लिए मिले। इस अवसर पर कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने इस बहुविषयक विश्वविद्यालयों की श्रेणी में प्रथम रैंक आने पर प्रसन्नता प्रकट की। इस मौके पर केयू डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि वर्ल्ड रैंकिंग द्वारा बड़े स्तर पर गहन उच्च शिक्षा रेटिंग और रैंकिंग सर्वेक्षण के बाद रैंकिंग वेबसाइट पर जारी की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि 25 अप्रैल 2025 को द ग्रैंड, न्यू दिल्ली, वसंत कुंज में यह अवार्ड कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को मिला था। कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, केयू डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार, डीन रिसर्च प्रो. संजीव अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

11 करोड़ से होगा डोर-टू डोर कूड़ा कलेक्शन

पंचकूला। नगर निगम महापौर कुलभूषण गोयल की अध्यक्षता में वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक हुई। जिसमें शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा पंचकूला में डोर टू डोर गार्बेज कलेक्शन, सेग्रीगेशन और ट्रांसपोर्टेशन के टेंडर को दी गई थी, को जारी कर दिया गया। महापौर ने बताया कि सोमवार को शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल की अध्यक्षता में एक बैठक हुई थी, जिसमें लगभग 11 करोड़ से पंचकूला में नए टेंडर को मंजूरी दी गई। टेंडर पूजा कंसूलेशन कंपनी को जारी किया गया है। कंपनी पहले भी पंचकूला में कार्य किया जा रहा है। अब आगामी एक वर्ष तक इसी कंपनी द्वारा यह कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि टेंडर को यूएलबी से परमिशन मिलने के बाद ही लगाया गया था। जिसे आज वित्त एवं अनुबंध समिति की बैठक में भी मंजूरी प्रदान कर दी गई।

पानी रोकने पर पंजाब की निंदा, हरियाणा के साथ

जींद। सर्व खाप किसान संगठन व जनकल्याण मंच की एक अहम बैठक राष्ट्रीय मुख्यालय कंडेला में राष्ट्रीय संयोजक टेकराम कंडेला की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने हरियाणा के पीने के पानी में जो कटौती की है उसकी पूरी तरह से निंदा की। टेकराम कंडेला ने कहा कि हरियाणा का जो पानी का हक है उसमें वह हरियाणा सरकार के साथ खड़े हैं। नकली खाद व दवा बेचने वालों के खिलाफ बनाए गए कानून पर खाप पंचायतें हरियाणा सरकार के साथ है तथा कानून पर अमल करने पर सरकार का पूरा सहयोग करेगी।

जिले में अपराधियों का खौफ

चोरों ने सूने घर व दुकान से लाखों का सामान चुराया, अज्ञात पर केस

- चोरों ने मंडौली में घर तो रादौर में दुकान को बनाया निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

जिले में अलग अलग स्थानों से चोरों ने सूने घर व दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम देकर नगदी समेत लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

जानकारी के मुताबिक गांव मंडौली निवासी शोयब ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह किसी काम से सहारनपुर गया था। शाम को वह घर लौटा तो सामान बिखरा पड़ा था और अलमारियां भी खुली पड़ी थी। उसने सामान की जांच की तो अलमारी में रखे एक लाख रुपये गायब थे। उन्होंने बताया कि चोर मोंटी के दरवाजे से घर से अंदर दाखिल हुए और वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

दुकान से हजारों रूपये का सामान चोरी

जयपुर निवासी अमन कांबोज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने रादौर बस स्टैंड के नजदीक किसान फ्रेश मेगा मार्ट के नाम से दुकान बना रखी है। उन्होंने बताया कि दुकान पर उसका बेटा शिवम बैठा हुआ था। इस दौरान एक युवक दुकान पर सामान लेने के लिए पहुंचा। मौके पर उसने दुकान से कुछ घरेलु सामान खरीदने के लिए निकलवाया और इसी बीच हजारों रुपये का सामान लेकर चंपत हो गया।

नशा तस्कर

हथियार तस्कर

हेरोइन के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

यमुनानगर। हजारों रुपये की हेरोइन की सप्लाई करने जा रहे एक नशातस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 15 ग्राम हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर ले लिया। एंटी नारकोटिक सेल के प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि उनकी टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि शहर के तीर्थ नगर की टपरी के नजदीक एक युवक संदिग्ध हालत में कोई नशीला पदार्थ लिए घूम रहा है। वह नशीले पदार्थ को किसी को सप्लाई करने के लिए वहां पर घूम रहा है। सूचना मिलने पर एसआई नवीन के नेतृत्व में राजकुमार, एचसी ललित, विमल व मंजीत को शामिल कर जांच टीम का गठन किया। जांच टीम ने मौके पर जाकर आरोपी को पकड़ लिया। मौके पर एइटीओ महावीर सिंह को इयूटी मजिस्ट्रेट के रुप में बुलाया। इयूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से 15 ग्राम हीरोइन बरामद हुई। पूछताछ में उसकी पहचान तीर्थ नगर की टपरी निवासी अर्जुन के रुप में हुई। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर अदालत से पुलिस रिमांड पर ले लिया। पूछताछ में पता लगाया जाएगा कि वह हेरोइन कहां से खरीदकर लाया है और उसे किसे सप्लाई करना चाहता था। मामले में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

हथियार के साथ एक काबू

यमुनानगर। अवैध हथियार लेकर घूम रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू के प्रभारी राजकुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि एक युवक संदिग्ध हालत में जगाधरी के हुड्डा सेक्टर 18 में टाउन पार्क के पास संदिग्ध हालत में घूम रहा है। आरोपी के पास अवैध हथियार भी देखा गया है। सूचना मिलते ही उन्होंने एएसआई योगेश के नेतृत्व में हैड कांस्टेबल मनीष, कुलदीप व संजय को शामिल कर जांच टीम का गठन कर मौके पर भेजा। जांच टीम ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक देसी पिस्तौल व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के गांव नलहेडा निवासी विशाल के नाम से हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेशकर कार्रवाई शुरू कर दी।

युवक ने महिला को छेड़ा विरोध करने पर पीटा

यमुनानगर। सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने महिला के साथ छेड़छाड़ की। महिला के विरोध करने पर आरोपी ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर महिला के साथ मारपीट की और उसे जान से मारने की धमकी दी। आरोपी पर महिला के साथ गलत काम करने का दबाव देने का भी आरोप है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार सदर यमुनानगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 30 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही भारत भूषण उस पर गलत नजर रखता था। उसके साथ छेड़छाड़ कर रहा था। आरोपी उसे गलत काम करने के लिए भी बोलता था। जब उसने आरोपी की इस बात का विरोध किया तो आरोपी तैस में आ गया। आरोपी ने पिता, भाई व मां के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की व उसे जान से मारने की धमकी दी। उसने आरोपियों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी भारत भूषण व उसके परिवार के चार सदस्यों के खिलाफ के खिलाफ जांच शुरू कर दी।

- परिवार के साथ मिलकर मारपीट का आरोप

आरोपी की करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरु कर दी।

बरसात में मच्छरों से बचाव में ही सावधानी: डॉ. विजय परमार

- मादा एडिज मच्छर के काटने से होता है डेंगू, मच्छर के काटने पर तीन से पांच दिन में दिखाई देते हैं डेंगू के लक्षण, शरीर पर बन जाती हैं चीते जैसी धारियां


- मच्छरों के पनपने के अनुकूल यह मौसम, सामान्य से अलग डेंगे का मच्छर

एसएमओ डॉ .विजय परमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

सरकारी अस्पताल रादौर के एसएमओ डॉ.विजय परमार ने बताया कि डेंगू बरसात के मौसम और उसके बाद के महीनों में सबसे ज्यादा फैलता है। क्योंकि इस मौसम में मच्छरों के पनपने के लिए अनुकूल परिस्थितियां होती हैं। ऐसे में आपको इस वक्त सबसे ज्यादा सतर्क रहने की आवश्यकता है। बुखार होने पर तत्काल डॉक्टर की सलाह लें। डॉ.परमार ने कहा कि डेंगू का मच्छर आम मच्छरों से काफी अलग होता है। उन्होंने बताया कि जिस मच्छर के काटने से डेंगू होता है, उस मच्छर का नाम होता है मादा एडीज मच्छर। यदि इस मच्छर के दिखने की बात करें तो यह दिखने में भी सामान्य मच्छर से अलग होता है और इसके शरीर पर चीते जैसी धारियां बनी होती है।

यह मच्छर अक्सर रोशनी में ही काटते हैं। रिपोर्ट में सामने आया है कि डेंगू के मच्छर दिन में खासकर सुबह के वक्त काटते हैं। यदि रात में रोशनी जयादा है तो भी यह मच्छर काट सकते हैं। इसलिए सुबह और दिन के वक्त इन मच्छरों का जयादा ध्यान रखें। एडीज इजिप्टी मच्छर बहुत ऊंचाई तक नहीं उड़ पाता। इंसान के घुटने के नीचे तक ही पहुंच होती है। ऐसे में शरीर को पूरा ढकने वाले कपड़े पहनें ताकि मच्छर से बच सके।

डेंगू से बचाव के उपाय

एसएमओ डॉ.विजय परमार ने बताया कि डेंगू की बीमारी से बचने के लिए ठंडे पानी का प्रयोग न करें। मैदा और बासी खाना न खाएं। खाने में हल्दी, अजवाइन, अदरक, हींग का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करें। इस मौसम में पत्ते वाली सब्जियां, अरबी, व फूलगोभी आदि न खाएं। हल्का खाना खाएं जो आसानी से पच सके। पूरी नींद लें और खूब पानी पीएं और पानी को उबालकर पीएं। मिर्च मसाले और तला हुआ खाना न खाएं। भूख से कम खाएं। छाछ, नारियल पानी व नींबू पानी का सेवन अधिक करें। इसके अलावा आठ-दस तुलसी के पत्तों का रस शहद के साथ मिलाकर लें या तुलसी के 10 पत्तों को पौने गिलास पानी में उबालें, जब वह आधा रह जाए तब उस पानी को पीएं। विटामिन-सी से भरपूर चीजों का ज्यादा सेवन करें जैसे एक दिन में दो आंवले, संतरे या मौसमी ले सकते हैं। यह हमारे इम्यून सिस्टम को सही रखता है।

उन्होंने बताया कि डेंगू के मच्छर गंदी नालियों में नहीं बल्कि साफ सुथरे पानी में पनपते हैं, साफ सुथरे शहरी इलाकों में रहने वाले लोगों को इसका ज्यादा खतरा रहता है। डेंगू का मच्छर काटते ही आपको डेंगू के लक्षण नहीं दिखने लगेंगे जबकि कुछ दिनों बाद आप पर इसका प्रभाव हो सकता है। एडीज मच्छर द्वारा काटे जाने के करीब 3-5 दिनों के बाद मरीजों में डेंगू बुखार के लक्षण दिखाई देने लगते हैं।

वर्तमान में भविष्य को करें सुरक्षित: कौर

- डीएवी गर्ल्स कॉलेज में तकनीक पर ऑनलाइन लेक्चर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज के इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में मंगलवार को शिक्षा मंत्रालय के नवाचार सेल के सहयोग से नई तकनीक विषय पर ऑनलाइन लेक्चर का आयोजन किया गया। कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर, आईसीसी कनवीनर विवेक, आईपीआर की समन्वयक डॉ. अनीता मौदगिल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस दौरान विशिष्ट अतिथि के रुप में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन जनेवा के अर्थशास्त्र और सांख्यिकी प्रभाग अध्यक्ष डॉ. साचा वुंश मौजूद रहे।

कॉलेज की कार्यवाहक प्राचार्या डॉ. सुरिंद्र कौर ने कहा कि वर्तमान में अपना भविष्य सुरक्षित करने के लिए अपडेट रहना जरूरी है। ऑनलाइन लेक्चर के जरिए युवा पीढी को नई तकनीकी जानकारी देना ही उद्देश्य है। ऑनलाइन लेक्चर से विभिन्न विशेषज्ञों ने बौद्धिक संपदा की उपयोगिता, नवाचार को संरक्षण देने की प्रक्रिया और रचनात्मकता को बाजार तक पहुंचाने की दिशा में उपयोगी जानकारी प्रदान की। डॉ. साचा वुंश ने छात्राओं को बौद्धिक संपदा के बारे में बताया। वहीं, उनात पी पंडित ने शैक्षणिक संस्थानों और उद्योगों के बीच महत्वपूर्ण सहयोग की महता पर बल दिया। प्रो. गौरी गर्गाटे ने औद्योगिक डिजाइन सुरक्षा कानूनों के साथ रजिस्ट्रेशन की सरल व डिजिटल प्रक्रिया के बारे में बताया। डॉ. बीके चक्रवती ने डिजाइनिंग थिंकिंग को नवाचार का शक्तिशाली उपकरण बताया। साथ ही श्रीडी प्रिंटिंग व स्मार्ट तकनीकों की जानकारी दी। छात्राओं को पेटेंट के बारे में ऑनलाइन जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. हेमंत खोसला, डॉ. राहुल तनेजा, सीएसआईआर नवाचार परिसर मुंबई के वरिष्ट वैज्ञानिक श्रीपति राव कुलकर्णी, आईआईटी मद्रास के डॉ. दारा अजय, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय से जयवीर ने विभिन्न विषयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आईसीसी सदस्य ममता थापर, मनिका सेठी व नेहा ठाकुर ने सहयोग दिया।

धर्म की स्थापना को धरा पर आते हैं भगवान

- आचार्य कमलेश शास्त्री ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुनानगर। सनातन धर्म मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथाव्यास को तिलक कर कथा का शुभारंभ करते यजमान।

श्री सनातन धर्म मंदिर मॉडल टाउन में आयोजित श्रीमदभागवत कथा ज्ञानयज्ञ के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान कथा पंडाल में प्रसिद्ध भजन नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल ...पर श्रद्धालु जमकर झूमे। भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर कथा पंडाल को आकर्षक रुप से सजाया गया। कथाव्यास आचार्य कमलेश शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से अवगत करवाया। कथा के चौथे दिन मुख्य यजमान के रूप में इनेलो नेता सुरेंद्र नन्दा, ग्रीन पार्क वेलफेयर सोसायटी के प्रधान दविंदर मेहता, अलका मेहता, कन्हैया कुमार, सुषमा व रिपू राणा आदि ने कथाव्यास को तिलक कर कथा का शुभारंभ किया।

कथाव्यास आचार्य कमलेश शास्त्री महाराज ने फरमाया किधरती पर जब जब अत्याचार, अनाचार व अन्याय बढता है। तब तब प्रभु का अवतार होता है। अत्याचार को समाप्त कर धर्म की स्थापना को लेकर ही प्रभु का अलग अलग रूपों में अवतार होता है। जब कंस ने सभी मर्यादाएं तोड दी तो प्रभु श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। कथाव्यास ने कहा कि जीवन में अच्छे रास्ते पर जाना है तो संकल्प लेना जरूरी है। हर बच्चे को अपने माता पिता व गुरू की बातों को मानना चाहिए। जिन बच्चों के उपर माता पिता का आशीर्वाद है। उन्हें संसार में सब कुछ प्राप्त हो जाता है। हर एक माता पिता को चाहिए कि अपने साथ बच्चों को भागवत कथा, सत्संग, कीर्तन में जरूर साथ लाएं। आचार्य कमलेश शास्त्री ने कहा कि धर्म की कथा सुनने से बच्चों में अच्छे संस्कार आते हैं। कथा के अंत में श्री भागवत भगवान की है आरती, पापियों को पाप से है तारती का सामूहिक रूप से गायन हुआ। आरती के बाद महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर रोशन लाल शर्मा, संजीव कंबोज, नरेश नागपाल व अच्छे लाल आदि मौजूद रहे।

छात्रों में दलभावना का होना आवश्यक : शांडिल्य

रादौर। स्वराज शिशु निकेतन स्कूल रादौर में मंगलवार को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें गंगा, यमुना, कृष्णा, कावेरी चारों सदनों से छात्रों का चयन कर बैज दिए गए। हेड बॉय प्रिंस, हेड गर्ल यज्ञा, कैप्टन सुशांत, गुंजन, अनमोल कुमार व ललिता बने। वाइस कैप्टन दुर्विका, हिमानी, दिशांत व वंशिका बनाए गए। प्रीफेक्ट अभिजोत सिंह, हर्षिका, हर्षित व संध्या कुमारी बनी। डिसिप्लिन कैप्टन के रूप में सिमरन, तेजस व स्पोर्ट्स कैप्टन खुशी व आर्यन रहे। मुख्याध्यापिका रेनू शांडिल्य ने कहा कि छात्रों में दलभावना का होना अति आवश्यक है। एकजुटता, सहयोग समन्वय से सभी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। स्कूल मैनेजर पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा ने कहा कि हमें बच्चों की प्रत्येक गतिविधियों में शामिल होना चाहिए। इस मौके पर प्रमोद बंसल, पंडित ज्ञान प्रकाश शर्मा, डॉ.अजय शर्मा, बालकिशन, प्रमोद ग्रोवर व पूजा कालड़ा मौजूद रहे।

- स्वराज शिशु स्कूल में अलंकरण समारोह, यज्ञा हेड गर्ल, प्रिंस हेड व्याय बने।

छात्रों का करियर के प्रति जागरुक होना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुनारगर। न्यू हैप्पी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता।

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल चांदपुर में कक्षा 12वीं के सभी संकायों (विज्ञान, वाणिज्य व बायोलॉजी) के विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उभरते करियर विकल्प विषय पर मंगलवार को करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यूपीईअस देहरादून के सहायक निदेशक सुमित वासन ने भाग लिया। स्कूल प्राचार्या डॉ. बिंदु शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य की करियर संभावनाओं, कौशल आधारित शिक्षा, इंटर डिसिप्लिनरी विकल्पों और बदलती शिक्षा प्रणाली के विषय में गहराई से जानकारी दी। उन्होने कहा कि विद्यार्थियों को भविष्य की करियर संभावनाओं के प्रति जागरुक होना बेहद जरूरी है। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह से भाग लिया और सत्र के अंत में अपने विचार व जिज्ञासाएं सांझा कीं। प्राचार्या या डॉ. बिंदु शर्मा ने कहा कि हमारे विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक विकास नहीं है। विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना भी है। ऐसे सत्र बच्चों को जागरूक और आत्मविश्वासी बनाते हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति नई सोच और नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करती है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी समय के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रहे हैं। हम ऐसे और भी सत्र आयोजित करते रहेंगे जिससे विद्यार्थियों को मार्गदर्शन मिलता रहे। कार्यक्रम के अंत में मुख्य वक्ता सुमित वासन को विद्यालय की प्रधानाचार्या ने धन्यवाद किया।

- न्यू हैप्पी स्कूल चांदपुर में राष्ट्रीय शिक्षा नीति व करियर विकल्पों पर करियर मार्गदर्शन कार्यक्रम

शिविर में बैज लगाते सिटी विधायक

रक्तदान शिविर में 251 यूनिट रक्त हुआ एकत्रित

यमुनानगर। भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा, नगर निगम मेयर सुमन बहमनी, पूर्व मेयर मदन चौहान व भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा शामिल हुए। विधायक ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर शुभारंभ किया। चिकित्सकों की टीम ने रक्तदाताओं से 251 यूनिट रक्त एकत्रित किया। विधायक ने कहा कि रक्त किसी मशीन से नहीं बनता है। यह केवल इंसान ही इंसान को दे सकता है। हर नागरिक को इसमें भाग लेना चाहिए। मेयर सुमन बहमनी, जिलाध्यक्ष राजेश सपरा व पूर्व मेयर मदन चौहान ने कहा कि रक्तदान करना केवल सेवा नहीं है। बल्कि यह समाज के प्रति हमारा उत्तरदायित्व भी है। जब कोई अनजान व्यक्ति आपके रक्त से जीवन पाता है। तब असली मानवता प्रकट होती है।

- यमुनानगर विस के भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया आयोजन

वाल्मीकि चौक के सौंदर्यीकरण की मांग, महासभा ने सौंपा मांगपत्र

- कृषि मंत्री के बेटे नेपाल राणा ने प्रतिनिधिमंडल को दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रादौर

यमुनानगर। रादौर में नेपाल राणा को मांगपत्र सौंपते वाल्मीकि समाज के लोग।

हरियाणा वाल्मीकि महासभा का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे नेपाल राणा से उनके निवास पर मिला। महासभा के सदस्यों ने जिला अध्यक्ष कर्मबीर पोटली के नेतृत्व में नेपाल राणा को अपनी मांगों से संबंधित एक मांग पत्र सौंपा।

मांगपत्र में महासभा के सदस्यों ने मांग की कि शहर के जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के नजदीक भगवान वाल्मीकि चौक का सौंदर्यीकरण किया जाए। जिला अध्यक्ष कर्मबीर पोटली ने कहा कि भाजपा सरकार में सभी महापुरुषों के नाम पर शहर में चौकों के नाम रखे गए है। जेएमआईटी कॉलेज के पास वाल्मीकि समाज के लोगों की मांग पर चौक का नाम महर्षि वाल्मीकि के नाम पर रखा गया है।

अब समाज के लोग सरकार के नेतृत्व में भगवान वाल्मीकि चौक का सौंदर्यीकरण करवाकर शहर की सुंदरता बढ़ाने का काम करेंगे। मंत्री के बेटे नेपाल राणा ने वाल्मीकि समाज के लोगों को जल्द से जल्द भगवान वाल्मीकि चौक का सौंदर्यीकरण करवाने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर पार्षद ऋषिपाल नंबरदार, नीरज हरनौल, मनोज नाहरपुर, विपिन वाल्मीकि, प्रवीण वाल्मीकि, संदीप खुर्दबन, रामनाथ बुबका, रवि बापौली, रिंकू ठसका इत्यादि मौजूद रहे।

विकास कार्यों में गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान: विधायक

99.27 लाख से बनेगा सामुदायिक केंद्र, शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

यमुनानगर। आजाद नगर में सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास करते सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व मेयर सुमन बहमनी।

नगर निगम यमुनानगर के वार्ड नंबर 10 के आजाद नगर में 99.27 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक केंद्र का निर्माण किया जाएगा। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास किया और नारियल फोड़कर नव निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। सामुदायिक केंद्र बनने से क्षेत्र की हजारों लोगों को लाभ होगा।

सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि कहा कि हमारी ट्रिपल इंजन की सरकार जनहित में विकास कार्य कर रही है। शहर के विकास के लिए सरकार के पास धन की कोई कमी नहीं है। करोड़ों रुपये के विकास कार्य सरकार द्वारा करवाए जा रहे हैं। वार्ड में सामुदायिक केंद्र बनाने के लिए मेयर व पार्षद ने अनेक प्रयास किए। जिसके बाद क्षेत्र में सामुदायिक केंद्र बनाने का काम शुरू किया गया। विधायक ने निगम अधिकारियों को विकास कार्यों में प्रयोग होने वाली सामग्री में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। साथ ही निर्धारित समय अवधि में केंद्र का निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। मौके पर मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि सेवा ही संकल्प की भावना के साथ नगर निगम कार्य कर रहा है। हर वार्ड में नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना निगम प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए निगम द्वारा हर वार्ड में सामुदायिक केंद्र बनाए जाने हैं। ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को बेटी व बेटे की शादी व अन्य कार्यक्रम करने के लिए बेहतर स्थान मिल सके। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। अधिकतर वार्डों में पक्की सड़कें, अंडरग्राउंड नालियां, सीवरेज व अनेक भवनों का निर्माण किया जा चुका है। कई वार्डों में विकास कार्य निर्माणाधीन है। जिन्हें जल्द ही पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही या भ्रष्टाचार सहन नहीं किया जाएगा। विकास कार्यों में लगाई जा रही सामग्री की गुणवत्ता अच्छी होनी चाहिए। गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता सहन नहीं किया जाएगा। मौके पर पार्षद किरण यादव, पूर्व पार्षद सुरेंद्र शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज धीमान, प्रताप यादव, राम नारायण, धर्मपाल तलवाड़, नरेंद्र शर्मा व अजय वर्मा आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

शिक्षित व संस्कारित बालिका राष्ट्र निर्माण में सहायक

कुरुक्षेत्र। गीता निकेतन आवासीय विद्यालय में बाल कल्याण समिति कुरुक्षेत्र हरियाणा द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार व सदस्य शालू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बालिकाओं को पोक्सो अधिनियम से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि जहां शिक्षा एक और हमें झुकने नहीं देती वहीं दूसरी ओर संस्कार हमें गिरने नहीं देते। संस्कार जहां हमारे विचारों को शुद्ध करते हैं वही हमें गलत व सही की पहचान भी करवाते हैं।

संगीतमयी सत्यनारायण व्रत कथा 11 को

कुरुक्षेत्र। सोशल ऑगेर्नाइजेशन गुदगुदी जंक्शन समूह के धार्मिक ग्रुप भक्ति सागर के तत्वावधान में जनकल्याणार्थ संगीतमयी श्री सत्यनारायण व्रत कथा 11 मई को करवाई जाएगी। आयोजन प्रभारी संजीव सीकरी ने बताया कि इस अनुष्ठान को लेकर पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में सचिव सुनील अंगीरस, राकेश कंसल, शम्मी गेरा, गुलशन ग्रोवर, ललित चावला, श्याम जुनेजा, दिनेश गोयल और सुनील भटनागर आदि पदाधिकारी शामिल रहे।

कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक आज

थानेसर। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की कष्ट निवारण बैठक 7 मई को दोपहर बाद 3 बजे नए लघु सचिवालय के सभागार में होगी। इस बैठक में हरियाणा के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री राजेश नागर अध्यक्षता करेंगे। इस मासिक बैठक में 14 समस्याएं एजेंडे में रखे जाएंगे।

रेणू भाटिया आठ को करेगी कुरुक्षेत्र का दौरा

थानेसर। हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरमैन रेणू भाटिया 8 मई को कुरुक्षेत्र का दौरा करेंगी और अलग-अलग संस्थानों का निरीक्षण करेंगी। इस दौरे को लेकर अधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए गए है। उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को जारी निदेर्शों में कहा कि हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरमैन रेणू भाटिया 8 मई को सुबह 10 बजे कुरुक्षेत्र वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण करेंगी। इसके उपरांत 11 बजे अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर बातचीत करेंगी, दोपहर 12 बजे महिला पुलिस थाने का निरीक्षण करने के उपरांत 1 बजे जिला कारागार में बंदियों से बातचीत करेंगी और जेल का निरीक्षण करेंगी। उपायुक्त ने कहा कि जेल का निरीक्षण करने के उपरांत ओल्डेज होम का निरीक्षण करेंगी तथा 3 बजे पीडब्लयूडी रेस्ट हाउस में जिला परिषद की चेयरमैन व महिला मोर्चा व महिला सरपंचों से महिलाओं से सम्बन्धित विषयों पर बातचीत करेंगी।

खेतों से केबल, मोटर और गेहूं चोरी, केस दर्ज

जींद। गांव कालवन खेतों से बीती रात चोरो ने दर्जनभर किसानो के खेतो से बिजली मोटर, बिजली केबल, गेहूं तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। गढी थाना पुलिस ने किसानों की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव कालवन निवासी सतीश पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने खेत मे बने कमरे का ताला तोड कर बिजली मोटर, गैस सिलेडर, स्मार्ट वाच व अन्य सामान को चोरी कर लिया।

मारपीट करने पर दो नामजद, जांच जारी

जींद। गांव मोहलखेडा मे भाई ने पत्नी के साथ मिल अपने बड़े भाई पर हमला कर घायल कर दिया। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव मोहलखेडा निवासी जयपाल ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि वह खेत मे पानी दे रहा था। उसी दौरान उसका छोटा भाई यशपाल पत्नी के साथ पहुंचा और उस पर हमला कर दिया।

बदमाशों ने दरवाजे पर किए हथौडे से वार, केस

जींद। बदमाशों के हौसले इतने बुलंद है कि रात को तांगा चौक पर नकाबपोश दो बदमाशों ने एक घर के दरवाजे पर हथौडे से वार किए। मकान के आगे सीढ़ियों को तोड़ दिया। शहर थाना पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ तोडफ़ोड़ करने, धमकी देने समेत विभिन्न भारतीय न्याय सहिता के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तांगा चौक निवासी नितिन ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया की उनका उसके ताऊ के साथ जमीन को विवाद चला आ रहा है। रात को दो नकाबपोश बदमाशो ने हथौडे से वार कर लोहे के दरवाजे को तोडऩे की कोशिश की।

गेहूं खरीदने के 72 घंटे के अंदर पैसा जमा करवाने का हरसंभव प्रयास किया

खाद्य आपूर्ति विभाग ने 52 हजार 266 किसानों के खातों में जमा कराए 757 करोड़ रुपये: डीसी

अमीन मंडी में 460 किसानों की 30009 गेहूं खरीद कर 7 करोड़ 28 लाख रुपये खातों में जमा करवाए।

- पिहोवा मंडी में 5908 किसानों से खरीदी गेहूं की फसल

उपायुक्त नेहा सिंह

4612 किसानों से खरीदा गेहूं

उन्होंने कहा कि शाहबाद मंडी से 4612 किसानों से 248193 क्विंटल गेहूं खरीदी और 60 करोड़ 18 लाख रुपए की राशि जमा करवाई, थाना मंडी से 492 किसानों से 32530 क्विंटल गेहूं खरीदी और 7 करोड़ 88 लाख रुपए जमा करवाए तथा ठोल मंडी से 2916 किसानों से 1 लाख 72 हजार 861 गेहूं खरीदी और किसानों के खातों में 41 करोड़ 91

फोटो: हरिभूमि

एजेंसियों ने खरीदा 5.57 लाख एमटी गेहूं

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि विभिन्न खरीद केन्द्रों और मंडियों में विभिन्न एजेंसियों द्वारा 5 लाख 57 हजार 488 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। इन खरीद केन्द्रों से 98 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य पूरा किया गया है। उपायुक्त नेहा सिंह ने बातचीत करते हुए कहा कि गेहूं के सीजन में खाद्य आपूर्ति एजेंसी द्वारा 3 लाख 25 हजार 012 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा है। इसके अलावा हैफेड ने 201481 मीट्रिक टन, हरियाणा वेयर कारपोरेशन द्वारा 8 हजार 987 एमटी, प्राइवेट एजेंसियों द्वारा 22008 एमटी गेहूं खरीदा है। खादय आपूर्ति द्वारा 96 प्रतिशत, हैफेड द्वारा 100 प्रतिशत, हरियाणा वेयर कारपोरेशन द्वारा 100 प्रतिशत और निजी एजेंसियों द्वारा 100 प्रतिशत लिफ्टिंग का कार्य पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा कि इस जिले में अब तक 5 लाख 57 हजार 488 एमटी गेहूं खरीदा है, इसमें से 22 हजार 755 एमटी एफसीआई को डिलीवर किया गया है, 5 लाख 43 हजार 556 में गेहूं की लिफ्टिंग की गई है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की तरफ से गेहूं के सीजन में 5 मई 2025 तक लगभग 52 हजार 266 किसानों के खातों में करीब 757 करोड़ रुपए की राशि जमा करवाई गई है। इस सीजन में गेहूं खरीदने के बाद 72 घंटे के अंदर पैसा जमा करवाने का हर संभव प्रयास किया गया है और यह प्रयास सफल रहे। उपायुक्त नेहा सिंह ने बातचीत करते हुए कहा कि अमीन मंडी में 460 किसानों की 30009 गेहूं खरीद कर 7 करोड़ 28 लाख रुपए की राशि किसानों के खातों में जमा करवाई गई। इसी तरह बाबैन मंडी में 6 हजार 137 किसानों से 2 लाख 64 हजार 339 क्विंटल गेहूं के 64 करोड़, भौर सैंयदा के 389 किसानों की 27811 क्विंटल गेहूं की एवज में 6 करोड़ 75 लाख, गांव गुमथला गढ़ू की मंडी में 1309 किसानों से 90620 क्विंटल गेहूं खरीद कर 21 करोड़ 98 लाख, इस्माइलाबाद मंडी से 5981 किसानों से 4 लाख 34 हजार 803 क्विंटल खरीदी और इन किसानों के खातों में 105 करोड़ 43 लाख की राशि जमा करवाई है। उन्होंने कहा कि झांसा मंडी से 1201 किसानों से 68328 क्विंटल गेहूं खरीदी और 16 करोड़ 57 लाख की राशि जमा करवाई, कराह साहिब मंडी से 2296 किसानों की 159253 किसानों से गेहूं खरीदी और खातों में 38 करोड़ 61 लाख की राशि जमा करवाई, कुरुक्षेत्र मंडी से 7097 किसानों से 474036 क्विंटल गेहूं खरीदी और किसानों के खातों में 115 करोड़ रुपए जमा करवाएं। उपायुक्त ने कहा कि लाडवा मंडी से 9525 किसानों से 4 लाख 94 हजार 027 क्विंटल गेहूं खरीदी और खाते में 119 करोड़ 80 लाख रुपए की राशि जमा करवाई है। उन्होंने कहा कि नलवी खरीद केन्द्र से 227 किसानों की 12103 क्विंटल गेहूं खरीदी और 2 करोड़ 93 लाख रुपए की राशि जमा करवाई, नीमवाला खरीद केन्द्र से 692 किसानों से 43916 क्विंटल गेहूं खरीदी और 10 करोड़ 64 लाख रुपए की राशि जमा करवाई, पिहोवा मंडी में 5908 किसानों से 4 लाख 6 हजार 706 क्विंटल गेहूं खरीदी और 98 करोड़ 62 लाख की राशि जमा करवाई, पिपली मंडी से 3024 किसानों से 160770 क्विंटल गेहूं खरीदी और किसानों के खाते में 38 करोड़ 98 लाख की राशि जमा करवाई।

लाडवा। जागरुकता रैली निकालते सीएमओ डॉ. कृष्णकांत व स्टाफ।

लड़का-लड़की एक समान बेटी को दो पूरा सम्मान : कृष्णकांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ लाडवा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाडवा में लिंगानुपात के कम होने के संबंध में वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कृष्णकांत ने एक सभा करवाई। इसमें सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सभी आशा वर्कर, सभी आंगनवाड़ी सुपरवाइजर ने भाग लिया तथा लिंगानुपात से संबंधित विषयों पर चर्चा की ओर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे से सभी को जागरूक करते हुए एक रैली भी निकलवाई। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कृष्णकांत ने बताया कि लाडवा क्षेत्र के कुछ गांव में लिंगानुपात कम पाया गया है। उन्होंने उन सभी गांव में कार्यरत आशा वर्कर को आदेश दिए कि वो इन गांव में पूरी गंभीरता से कार्य करें। वह इस बात का ध्यान रखे कि गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण 8 सप्ताह के अंदर ही होना चाहिए जिनके पहले एक ,2 या 3 लड़कियां हैं उन सभी पर पूरी निगरानी रखे कि वह अपना अल्ट्रासाउंड कहां से करवा रही हैं। उन्होंने अपना रजिस्ट्रेशन कहां करवाया है और कितने सप्ताह पर पंजीकरण करवाया है। ऐसी महिलाओं पर विशेष ध्यान देकर कार्य करें। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कृष्णकांत ने सभी को बताया कि इन गांव में हमें समय समय पर ग्रुप मीटिंग करवानी चाहिए। उन्होंने सभी को बताया कि गांव के सरपंच, पंच व अन्य सदस्यों की सहायता से भी गांव में कन्या भ्रूण हत्या के बारे में मीटिंग करवाकर या रैली निकलवाए ताकि सभी लोगों को इसके लिए जागरूक किया जा सके और लिंगजांच को समाप्त किया जा सके।

साल में दो-तीन बार अवश्य करें रक्तदान : विक्रम

- जिला बार कुरुक्षेत्र ने थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए लगाया ब्लड डोनेशन कैंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र। शिविर में रक्तदान करते युवा। फोटो: हरिभूमि

जिला बार कुरुक्षेत्र ने थैलीसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए ब्लड डोनेशन कैंप लगाया। कैंप पाथ लीगल एंड वेलफेयर सोसायटी के सहयोग से लगाया जिसमें पीजीआई स्पेशलिस्ट डॉक्टरों को शिरकत की। अंशुमन गुप्ता, जितेन्द्र कश्यप, सुरेश कश्यप, प्रदीप कुमार ने विशेष सहयोग दिया। पाथ लीगल एंड वेलफेयर सोसायटी हर वर्ष रक्तदान शिविर आयोजित करती हैं। बतौर मुख्यातिथि डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज डीके मित्तल ने शिरकत की। राजेन्द्र जुनेजा, विक्रम शर्मा, शेखर डोगरा, राजेंद्र, सौरव जालखेड़ी, विजेंद्र बांगड़, आदित्य शर्मा, अक्षय, लॉलर, संदीप नरकातरी, परणव जुनेजा, अजय बुरा, विशाल भारद्वाज, नितीश शर्मा, पूर्व सचिव बलविंदर कमौदा ने रक्तदान किया। प्रधान धर्मेन्द्र अत्री ने कहा कि यह रक्तदान शिविर उन अधिवक्ताओं की याद में लगाया गया है। विक्रम शर्मा ने कहा कि हमें प्रत्येक वर्ष 2-3 बार रक्तदान देना चाहिए और किसी की जिंदगी बचानी चाहिए। पूर्व प्रधान राजेन्द्र जुनेजा ने कहा कि रक्तदान कर के हम किसी की जिंदगी बचा सकते हैं। इस मौके पर गुरदेव सिंह चौधरी, सुभाष शर्मा, जरनैल रंगा, हिमांशु, शशांक अग्रवाल, साहिल मंगला, विक्रम गुज्जर, संजीव धवन, विक्रांत जांगड़ा, अखिल उपस्थित रहे।

केंद्र सरकार को मांगों से अवगत कराया

पेंशनर्स को झूठे आश्वासन देकर गुमराह कर रही है सरकार : गाबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

बीएसएनएल पेंशनर्स एसोसिएशन हरियाणा सर्किल ने अपनी मुख्य मांगों को लेकर एक हंगामी सभा का आयोजन सर्किल सचिव यशपाल शर्मा घरौंडा की अध्यक्षता में किया। एसो. के चीफ एडवाईजर जगदेव सिंह गाबा ने बताया है कि बैठक में केंद्र सरकार से अपनी मुख्य मांगों बारे अवगत कराया। सर्किल सचिव यशपाल शर्मा घरौंडा ने कहा कि 2026 से पहले रिटायर हुए कर्मचारियों को सरकार 8वें वेतन आयोग का कोई लाभ नहीं देना चाहती, जोकि सभी पेंशनर्स के साथ अन्याय है। यदि ऐसा हुआ, तो मजबूरन हमें धरना देना पड़ेगा। जिला अध्यक्ष जय पाल, वरिष्ठ नेता माम चन्द शर्मा दुखेड़ी, राजेश कुमार, नरेन्द्र सिंह, अशोक कुमार कुरुक्षेत्र, रमेश कुमार अंबाला आदि नेताओं ने बताया कि पेंशनर्स के हितों के खिलाफ पेंशन संशोधन विधेयक 25 कानून को पास करने का विरोध, इसे निरस्त करने और बीएसएनएल एमटीएनएल जॉइंट फोरम के आह्वान पर प्रदर्शन में भाग लेने पर विचार विमर्श किया गया।

डीसी के आदेश

समाधान शिविर में गैर हाजिर अधिकारियों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

- अधिकारियों को निर्देश शिकायत की रिपोर्ट 3 दिन में अपलोड करें

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि समाधान शिविर व समीक्षा को अधिकारी गंभीरता के साथ नहीं ले रहे है। इन शिविरों में अधिकारी बिना किसी की अनुमति के गैर हाजिर रहते है जिससे समाधान शिविर में आने वाले नागरिकों की समस्याओं का तुरंत समाधान नहीं हो पाता है। इसलिए भविष्य में जो भी अधिकारी गैर हाजिर रहेगा उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने जारी आदेशों में कहा कि मुख्य सचिव हरियाणा सरकार के आदेशानुसार समाधान शिविर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को प्रातः 10 बजे से लेकर 12 बजे तक आयोजित किया जाता है। इसके बाद शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से समाधान शिविर की समीक्षा बैठक आयोजित की जाती है। इन शिविरों में कई अधिकारी गैर हाजिर रहते है। अगर कोई भी अधिकारी भविष्य में समाधान शिविर व समीक्षा बैठक में अनुपस्थित रहा तो प्रशासन की तरफ से नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

धनौरा स्कूल में नए सबमर्सिबल पंप व तीन वाटर कूलर का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लाडवा

लाडवा। नए वाटर कूलर का उद्घाटन करते प्रसिद्ध समाजसेवी सचिन गर्ग व उपस्थित प्रधान पवन गर्ग व प्रधानाचार्य नरेंद्र शर्मा। फोटो: हरिभूमि

संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनौरा-लाडवा में नए सबमर्सिबल पंप व आरओ युक्त तीन वाटर कूलर स्थापित कर उनका उद्घाटन किया गया। प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी श्री सचिन गर्ग का स्कूल के विद्यार्थियों ने पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। पंडित प्रवीन शर्मा ने सरस्वती मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की, जिसमें सचिन गर्ग व स्कूल अध्यक्ष पवन गर्ग ने विशेष अतिथि के रूप में भाग लिया। विधिवत पूजा अर्चना के बाद सचिन गर्ग ने स्कूल प्रधान पवन गर्ग, सचिव रविन्द्र बंसल, प्रधानाचार्य नरेन्द्र शर्मा, अनुज शर्मा अमन शर्मा, तथा रितु गर्ग के साथ सबमर्सिबल पंप व वाटर कूलर का विधिवत उद्घाटन किया। इसके बाद सचिन गर्ग ने स्कूल के स्विमिंग पूल व शूटिंग रेंज का दौरा किया।

देश की समृद्धि के लिए कठोर तप कर रहे महंत

कुरुक्षेत्र। गीता की जन्मस्थली एवं तीर्थों की संगम स्थली कुरुक्षेत्र के जग ज्योति दरबार में चल रही महंत राजेंद्र पुरी की पंच धूणी अग्नि तपस्या में मंगलवार को भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। जग ज्योति दरबार में श्रद्धालुओं ने दर्शन करने के साथ पूजा अर्चना की। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि वे पिछले दो दशक से देश की समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना से कठोर तप एवं भीषण गर्मी में अखंड अग्नि तपस्या कर रहे हैं। महंत राजेंद्र पुरी ने सनातन धर्म की जय घोष करते हुए कहा कि उनकी तपस्या मकसद केवल राष्ट्र हित, जनकल्याण एवं देश-प्रदेश में खुशहाली की कामना करना है। उन्होंने कहा कि पंच धूणी अग्नि तपस्या से श्रद्धालुओं में भी भारी उत्साह है और दूर दूर से भक्त गण पहुंच रहे हैं। जग ज्योति दरबार में अखंड भंडारा भी चल रहा है। इस मौके पर ऋतू रानी, अमन, कुलविंदर पाल, बलजीत सिंह, सोनिया, प्रवीण, परमजीत कौर, कुलदीप कौर, राज कौर, कृष्ण कुमार, कर्ण सिंह, परविंदर कौर, बलविंदर कौर, हर्ष, देवराज, सुशीला, रेखा, पिंकी, संतोष रानी, नवजोत सिंह, दपिंदर, सुरेश कुमार, प्रिंस, गौरव, नरेंद्र सिंह, नसीब सिंह, अजय राठी, विजय राठी, जगदीश, बलविंदर, राज कुमार शर्मा, कुलदीप एवं मोहन लाल मौजूद रहे।

मेडिकल कॉलेज ने मनाया विश्व अस्थमा दिवस

अस्थमा दिवस पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

अस्थमा रोगियों से से बातचीत करते डा. नितिन टांगरी। फोटो: हरिभूमि

विश्व अस्थमा दिवस के मौके पर मोहड़ी स्थित आदेश मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी विषय सभी के लिए इनहेल्ड उपचार सुलभ बनाएं रहा। कार्यक्रम में अनुभवी चिकित्सकों ने अस्थमा के खतरों, इलाज में देरी और इनहेलर तक सीमित पहुंच पर चिंता व्यक्त की। रैस्पिरेटरी मैडिसिन के विभागाध्यक्ष डा. नितिन टांगरी ने कहा कि इनहेल्ड कॉर्टिकोस्टेरॉयड अस्थमा कंट्रोल की कुंजी हैं। लेकिन कई मरीज इन तक पहुँच नहीं बना पाते जिसका कारण जानकारी की कमी है या कीमत आड़े आती है। प्रिंसिपल डा.एन.एस. लांबा ने अपील की कि का जागरूकता ही अस्थमा की असली दवा है। मरीज नियमित डॉक्टर से संपर्क रखें और तयशुदा दवा लेते रहें।

अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा का महिलाओं एवं युवाओं को आगे लाने का प्रयास : राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरुक्षेत्र

- राज्य में समाज के लिए जागरूकता अभियान चलाया

अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश महासचिव राजेश सिंगला ने बताया कि समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक 11 मई को कैथल के विश्वकर्मा चौक के निकट होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने पूरे राज्य में समाज के लिए जागरूकता अभियान चलाया हुआ है। इस बैठक में जहां समाज के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा होगी वहीं समाज के हर वर्ग को साथ जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। प्रदेश स्तरीय बैठक के बारे में कुरुक्षेत्र के सदस्यों एवं पदाधिकारियों से चर्चा करने एवं जिम्मेवारियां सौंपने के बाद सिंगला ने कहा कि समाज की मजबूती के लिए महिलाओं एवं युवाओं का विशेष सहयोग चाहिए। महिलाओं एवं युवाओं को सामाजिक और राजनीतिक क्षेत्रों में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति की क्षमता को बढ़ाने के लिए महिला सशक्तिकरण के संकल्प को साकार कर रहा है।

बढ़े लोड अनुसार ट्रांसफार्मर लगाए बिजली निगम

- भारतीय किसान यूनियन पिहोवा हलका की अहम बैठक में चर्चा

पिहोवा। भारतीय किसान यूनियन पिहोवा हलका की अहम बैठक किसान रेस्ट हाउस में संपन्न हुई। अध्यक्षता हल्का प्रधान कवलजीत छज्जूपुर व युवा प्रधान सुखविंदर मुकिमपुरा ने की। मीटिंग में संगठन का विस्तार करते हुए विनोद बाखली को हल्का प्रभारी ,बलविंदर बटेडी को ब्लॉक उपप्रधान,गुरमेल सनेटा फार्म को ब्लॉक महासचिव,जगदीश सूरमी को ब्लॉक सचिव व संत गिरी टिकरी को कार्यकारणी सदस्य के पद पर नियुक्त किया गया। भाकियू प्रदेश प्रवक्ता प्रिंस वड़ैच ने बताया कि आज की मीटिंग के मुख्य एजेंडा शऊर स्कीम के तहत बढ़े हुए लोड अनुसार अभी तक किसानो को ट्रांसफार्मर ना मिलना व धान की हाइब्रिड वैरायटी 7301 व 7501 पर राइस मिलरो द्वारा कट लगाने की घोषणा पर चर्चा की गई। इस वैरायटी की खरीद ना करने बारे राइस मिलरों द्वारा जो अफवाह उड़ाई जा रही है की निंदा की गई। प्रिंस वड़ैच ने बताया कि उक्त दोनों बीज एफसीआई द्वारा नोटिफाइड है व बीजों की खरीद पर एफसीआई व सरकार द्वारा रोक नहीं है किंतु राइस मिलर इस बार भी पिछले सीजन की तरह एमएसपी पर कट लगाकर किसानों को लूटने की फिराक में है।

प्रदर्शन को मजबूर होंगे

सरकार को राइस मिलरों द्वारा उड़ाई जा रही इस अफवाह पर संज्ञान लेना चाहिए। युवा प्रधान सुखविंदर मुकिमपुरा ने कहा की वीडीएस स्कीम के तहत अभी तक किसानो को ट्रांसफार्मर नहीं मिले है जबकि बिल पिछले 2 वर्ष से बढ़े हुए लोड अनुसार आ रहे है और इस वर्ष भी अभी तक विभाग द्वारा ट्रांसफार्मर लगाने के लिए टेंडर जारी नहीं किया गया है जिससे किसानो में रोष है। युवा प्रधान ने कहा कि एक सप्ताह के अंदर बढ़े हुए लोड अनुसार ट्रांसफार्मर ना लगाए गए तो भाकियू सड़को पर उतारकर विरोध प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगी।

बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया का मनाया जन्मदिन

कुरुक्षेत्र। 18वीं शताब्दी के महान सिख जरनैल बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया का जन्म दिन रामगढ़िया भवन कुरूक्षेत्र में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में गुरबाणी कथावाचक भाई गुरदास सिंह ने बाबा जस्सा सिंह की वीरता का इतिहास सिख संगत को सुनाया। भाई जगसीर सिंह ने रसमयी गुरबाणी गायन की गुरमत समागम का शुभारंभ किया। रामगढ़िया भवन गुरूद्वारा साहिब के ग्रंथी भाई दविंदर सिंह ने श्रीसुखमनी साहिब का पाठ किया। मंच का संचालन जत्थेदार महेंद्र सिंह ने किया। इस दौरान गुरु का लंगर भी वरताया गया। सभा के पूर्व प्रधान व फाउंडर मेंबर इन्दर सिंह व जोगिन्द्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। प्रिंसिपल करनैल सिंह ने भी संगत को सम्बोधित किया। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रधान तजिंदर सिंह गोल्डी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। रामगढ़िया सभा द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह और कृपाण देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर हरभजन सिंह सग्गू, जितेंदर सिंह शंटी, डी.पी. सिंह कलसी, हरविंदर सिंह हंजरा, परमजीत सिंह सग्गू, हरजीत सिंह सग्गू, जसबीर सिंह औसान, जितेंदर सिंह सन्नी, गुरदेव सिंह मल्होत्रा, अमरजीत सिंह ओसान, गुरदेव सिंह, गुरविंदर सिंह हाजीपुरीआ, कुलवंत सिंह डीऔड़ा, साहिब सिंह, करनैल सिंह, प्रिंसिपल करनैल सिंह, मंजीत सिंह, लखविंदर सिंह आदि मौजूद रहे।

शगुन बनी मिस फेयरवेल, मोहित को मिस्टर फेयरवेल का खिताब

■ छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

नारायणगढ़ के राजकीय महाविद्यालय में एमकॉम के छात्रों को दी विदाई पार्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

राजकीय महाविद्यालय में एमकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने एम कॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए एक भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह प्राचार्या डॉ. खुशीला के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया।

इस विशेष अवसर पर सबसे पहले विद्यार्थियों ने कार्यकारी प्राचार्य एवं वाणिज्य विभाग के समस्त स्टाफ सदस्यों का समारोह में पहुंचने पर स्वागत किया। विदाई समारोह में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यकारी प्राचार्य एवं वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. देवेंद्र ढींगरा ने अपने प्रेरणादायक भाषण में विद्यार्थियों को जीवन में सकारात्मक सोच और मेहनत के साथ आगे बढ़ने की सलाह दी। इस अवसर पर प्रोफेसर रेणू कुमारी ने विद्यार्थियों को कहा कि कॉलेज का हर विद्यार्थी इस संस्थान की पहचान है और उनकी सफलता ही कॉलेज की सबसे बड़ी उपलब्धि है। डॉ. सुमन लता ने विद्यार्थीयों को जीवन में सफलता प्राप्त करने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।

नारायणगढ़। राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को हुए विदाई समारोह के दौरान छात्रों के साथ शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

छात्र-छात्राओं ने भी अपने अनुभव साझा किए

विदाई समारोह के दौरान छात्र-छात्राओं ने भी अपने अनुभव साझा किए और शिक्षकों को टाइटल देकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में कई मनोरंजक खेल और प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। मिस फेयरवेल शगुन, मिस्टर फेयरवेल मोहित, मिस ब्यूटीफुल सिमरन, मिस्टर हैंडसम शुभम बने। मंच संचालन एमकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों शिवानी, शायना, मोहम्मद अजरुद्दीन ने किया। वाणिज्य विभाग के समस्त स्टाफ सदस्य डॉ. मनीषा, डॉ. सपना गुप्ता, डॉ. राजिंद्र, दलजीत, सपना सैनी, मुकेश, निशा व आशिमा ठाकुर ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर प्रो.संजीव कुमार अंग्रेजी विभाग, प्रो. संजीव कुमार इतिहास विभाग एवं प्रो. सुभाष कुमार भी उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

ड्रोन की बिक्री और भंडारण पर बैन

अंबाला। जिलाधीश अम्बाला अजय सिंह तोमर ने वर्तमान सुरक्षा वातावरण और राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के तहत एक आदेश जारी करते हुए ड्रोन के उपयोग, बिक्री, भंडारण व उड़ान पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र विरोधी तत्वों द्वारा रक्षा प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचाने के लिए ड्रोन का दुरूपयोग किया जा सकता हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रतिबंध विशेष रूप से रक्षा हवाई अड्डों, सैन्य प्रतिष्ठानों, जिला सचिवालय परिसर से 3 किलोमीटर व महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों से 2 किलोमीटर की परिधि तथा संवेदनशील क्षेत्रों के आसपास लागू रहेगा।

नेशनल लोक अदालत 10 को लगेगी

अंबाला। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय व सब डिविजन, नारायणगढ़ की अदालतों मे 10 मई 2025 को किया जाएगा। इसके अतिरिक्त स्थाई लोक अदालत व उपभोक्ता अदालत मे नेशनल लोक अदालत का आयोजन 09 मई 2025 को किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए 0171-2532142 व 9991112660 पर संपर्क किया जा सकता है।

पुलिस पर आरोपियों की गिरफ्तारी न करने का आरोप

हत्या के विरोध में परिजनों ने चौकी के बाहर किया प्रदर्शन

मोहड़ा की नवविवाहिता की गला घोटकर हत्या कर दी गई थी। मृतका के गले पर निशान होने से भड़के थे परिजन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

विवाहित महिला की हत्या में गिरफ्तारी न होने से परिजनों ने जमकर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने दो आरोपियों को तो गिरफ्तार कर लिया है लेकिन एक आरोपी को छोड़ दिया। इसके बाद परिजनों ने मोहड़ा पुलिस चौकी पर पहुंच कर हंगामा शुरू कर दिया। बाद में परिजन चौकी के बाहर ही धरने पर बैठ गए। दरअसल मोहड़ा गांव में एक विवाहित महिला की हत्या हो गई थी। आरोप महिला के परिजनों ने सासुरालियों पर लगाया। इसके बाद हरकत में आई पुलिस ने ससुराल पक्ष से दो उसके पति और सास को गिरफ्तार कर लिया। परिजनों की मांग है कि इस मामले में ससुर की गिरफ्तारी नहीं हुई है। बता दें कि 24 वर्षीय नवविवाहिता कर्मजीत कौर की 10 अप्रैल संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के गले पर निशान भी मिले। मायके पक्ष ने पति पर ही नवविवाहिता की गला दबाकर हत्या करने के आरोप लगाए थे। कहा कि एक साल पहले फरवरी 2024 में कर्मजीत कौर की मोहड़ा में मोहित के साथ शादी हुई थी। शादी के बाद से ससुराल वाले दहेज में कार न देने पर प्रताड़ित कर रहे थे। कर्मजीत को आदेश अस्पताल में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। सूचना पाकर पड़ाव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और अंबाला छावनी नागरिक अस्पताल में फोरेंसिक एक्सपर्ट डॉक्टर से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका कर्मजीत कौर की मां कांता ने बताया कि उसकी बेटी की शादी 6 फरवरी 2024 को मोहड़ा के मोहित के साथ हुई थी। बेटी कर्मजीत कौर ने एमए तक पढ़ाई की हुई थी। पति मोहित दिल्ली में पीएचडी की पढ़ाई कर रहा है।

- 6 फरवरी 2024 को मोहड़ा के मोहित के साथ हुई थी शादी

अंबाला। चौकी के बाहर प्रदर्शन करते परिजन।

पति, सास और ससुर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू

10 अप्रैल को सुबह सूचना मिली थी कि बेटी को आदेश अस्पताल में दाखिल किया था। सूचना मिली थी कि मोहड़ा की एक नवविवाहिता की गला घोटकर हत्या कर दी गई है। मृतका के गले पर निशान होने के कारण पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पति सास और ससुर पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। जिनमें से पति और सास को पुलिस ने पूर्व में ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस चौकी में पहुंचे परिजनों ने कहा कि पुलिस को ससुर को भी गिरफ्तार करना चाहिए। जब तक गिरफ्तारी नहीं होगी हमें न्याय नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि अंबाला पुलिस पर हमें पूरा भरोसा है कि पुलिस सही कार्रवाई करेगी।

नकली शराब के मामले में मुख्य आरोपी समेत दो काबू, रिमांड के जरिए हो रही पूछताछ

■ अब तक कुल छह आरोपियों को काबू किया जा चुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

नकली शराब की फैक्टरी के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को काबू किया है। शहजादपुर में दर्ज मामले में 3 मई 2025 को पुलिस ने मुख्य आरोपी बिट्टु वासी धनाना को गिरफ्तार किया है।

उसे पुलिस ने तीन दिन के रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपी ने बताया कि नकली अवैध शराब की फैक्टरी उसी की है। इस मामले में आरोपी सतविंद्र सिंह भी शामिल है। पुलिस ने आरोपी सतविंद्र सिंह उर्फ बिट्टु को गिरफ्तार किया। उसे भी तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। आरोपी ने अभी तक की पूछताछ के दौरान बताया है कि ढक्कन, मशीन, रंग, फलेवर, लेबल, होलोग्राम उसने ही उपलब्ध करवाया था। मामले में अब तक कुल 6 आरोपियों को काबू किया जा चुका है। 30 अप्रैल 2025 को पुलिस को सूचना मिली थी कि मॉर्डन कॉलोनी किराए के मकान में नकली शराब बनाने की फैक्टरी चल रही है।

पुलिस को छापेमारी में यह हुआ था बरामद

इसके बाद पुलिस ने मौके पर छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध/नकली शराब की 109 पेटियां, 80 लीटर तैयारशुदा नकली शराब, 2 कैनी शराब 100 लीटर, 3 ड्रम स्पिरिट कुल 540 लीटर, 12 खाली ड्रम, 30 ड्रमी, 20 लीटर की 6 बोतल, 9600 खाली बोतलें, 4 टैंकी, फूड कलर, कार्मेल कलर, भारी मात्रा में ढक्कन, रैपर, गत्ता पेटी, होलोग्राम नंबर, क्यूआर कोड, मधानी व शराब बनाने के अन्य उपकरणों व गाड़ी सहित चार आरोपियों को काबू किया था।

बस में लटककर सफर कर रहे थे लोग, वीडियो वायरल जांच के आदेश

पंजोखरा साहिब से अंबाला कैंट की ओर बसों की कमी होने से परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पंजोखरा साहिब से अंबाला कैंट की ओर बसों की कमी होने से यात्रियों को जोखिम भरा सफर करना पड़ रहा है। बस के दरवाजे के बाहर खड़े होकर मजबूरन लोगों को सफर करना पड़ रहा है। दरअसल मंगलवार की सुबह एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें पंजोखरा साहिब से अंबाला कैंट की ओर जा रही एक बस में लोग दरवाजे के बाहर लटके हुए नजर आ हैं। ऐसे में उनके साथ कोई भी हादसा हो सकता था। यह वीडियो एक गाड़ी चालक ने रिकॉर्ड किया है।

रोडवेज के जीएम ने तुरंत लिया संज्ञान

रोडवेज के जीएम अश्वनी डोगरा ने बताया कि ऐसा लापरवाही भरा सफर किसी को नहीं करना चाहिए। इसके लिए चालक व परिचालकों को भी निर्देशित किया जाता है। अब वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर बस के चालक और परिचालक से जानकारी ली जाएगी कि यह किस कारण हुआ। बस के दरवाजे पर लटक कर सफर करना गलत है। इससे कोई भी हादसा हो सकता है। जीएम ने वीडियो का संज्ञान लेते हुए कहा कि वीडियो संज्ञान में आया है। इसकी जांच की जा रही है। यदि भीड़ अधिक है और बसों की संख्या कम है तो इसके लिए अलग से बसों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

जिन्दल के प्रयासों से कुरुक्षेत्र को मिली नई ट्रेन चंडीगढ़, कैथल और हिसार जाने वालों को तोहफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- सांसद ने प्रधानमंत्री, रेल मंत्री, मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया, हिसार के लिए गुरुग्राम से नई ट्रेन पर भी जताई खुशी

लोकसभा सांसद नवीन जिन्दल के प्रयासों से कुरुक्षेत्र को एक नई ट्रेन की सौगात मिली है। यह ट्रेन कुरुक्षेत्र को चंडीगढ़ और हिसार से जोड़ेगी। रेल मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। सांसद जिन्दल ने कुरुक्षेत्रवासियों को मिली इस सौगात के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रति धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया है। उन्होंने हिसार के लिए गुरुग्राम से नई ट्रेन शुरू होने पर भी खुशी जताई और कहा कि यह विकसित कुरुक्षेत्र-विकसित हरियाणा-विकसित भारत के निर्माण में एक बड़ी पहल है।

रेल मंत्रालय नई दिल्ली से जारी अधिसूचना के अनुसार ट्रेन संख्या 64563-64 अंब अंदोरा – अंबाला कैंट वाया चंडीगढ़ मेमु ट्रेन को अब फास्ट मेमु ट्रेन के रूप में कुरुक्षेत्र होते हुए हिसार के रायपुर तक चलाया जाएगा। ट्रेन संख्या 64564 अंब-अंदोरा-अंबाला से अपराह्न 3 बजे चलकर अंबाला कैंट, कुरुक्षेत्र जंक्शन, कैथल, नरवाना, जाखल, उकलाना और बरवाला होते हुए रात 1.05 बजे हिसार के रायपुर पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 64563 रात 2.25 बजे रायपुर-हिसार से चलकर कुरुक्षेत्र जंक्शन होते हुए प्रातः 7.20 बजे अंबाला कैंट और 12.40 बजे अंब अंदोरा पहुंचेगी। इसी तरह सरकार ने दिल्ली से रेवाड़ी के बीच वाया गुरुग्राम चलने वाली ट्रेन संख्या 54085-86 को फास्ट पैसेंजर ट्रेन के रूप में विस्तार देते हुए हिसार के सातरोड तक चलाने का फैसला किया है। ट्रेन संख्या 54085 दिल्ली से प्रातः 7 बजे चलकर 9.40 बजे रेवाड़ी और दोपहर बाद 1.35 बजे सातरोड पहुंचेगी। इसके बाद ट्रेन संख्या 54086 सातरोड से दोपहर बाद 2.10 बजे चलकर सायं 5.30 बजे रेवाड़ी और रात 9 बजे हिसार पहुंचेगी। यह ट्रेन रेवाड़ी से जाटुसाना, कोसली, झारली, चरखी दादरी, भिवानी, बवानी खेड़ा और हांसी होते हुए सातरोड पहुंचेगी।

परिवहन एवं श्रम मंत्री विज का कांग्रेस पर तंज

पाक के खिलाफ हो रही कार्रवाई का विरोध करने वाले देश के गद्दार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- कांग्रेस पाक के हक में हिंदुस्तान की फौजों का मनोबल गिराना चाहती है
- राफेल का मजाक कांग्रेस उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष उड़ा रहे

अंबाला। पत्रकारों को संबोधित करतेमंत्री अनिल विज।

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत द्वारा की जा रही कार्रवाई को लेकर कांग्रेस व अन्य दलों द्वारा कटाक्ष करने वालों पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह देश के गद्दार हैं। यह कर नहीं रहे बल्कि इनसे करवाया जा रहा है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए विज ने कहा कि देश में जयचंद हमेशा रहे हैं। कई तरीकों से सेना का मनोबल यह गिराना चाहते हैं। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ लड़ाकू विमान राफेल का मजाक कांग्रेस उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष उड़ा रहे हैं जोकि ठीक नहीं हैं। हमारे देश में जब फौजें लड़ने जाती थी तो उनको उत्साहित किया जाता था। गीत "ओ पवन वेग से उड़ने वाले घोड़े" गाकर उनका हौसला बढ़ाया जाता था।उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पाकिस्तान से प्यार बार-बार उजागर होता है, उसका हम कारण भी समझते हैं क्योंकि पाकिस्तान कांग्रेस का बच्चा है। हिंदुस्तान का विभाजन कर धर्म के आधार पर दो देश बनाए गए तो पाकिस्तान को कांग्रेस ने ही बनाया है। जिस तरह से बच्चा जैसा भी हो लेकिन मां-बाप को अपने बच्चे प्यारे लगते हैं। इसी तरह कांग्रेस को पाकिस्तान बहुत प्यारा लगता है, इसीलिए कांग्रेस पाकिस्तान के हक में हिंदुस्तान की फौजों का मनोबल गिराना चाहती है।

मगर हिंदुस्तान की फौज में इतना करंट है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की जो आवाज है। वो फौजियों में करंट दौड़ रहा है और फौजी इंतजार कर रहे हैं कि कब उन्हें मौका मिले।

सीजेएम ने किया बाल सुधार गृह का औचक निरीक्षण

किशोरों को दी जा रही सुविधाओं की समीक्षा की

■ पीड़ित मुआवजा योजना के अंतर्गत जिला न्यायालय के आदेशानुसार मुआवजा प्रदान किया जाता : प्रवीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रवीण ने मंगलवार को बाल सुधार गृह का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस मौके पर उपस्थित अधीक्षक से किशोरों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने किशोरों को प्रदान की जा रही मेडिकल सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान सुधारगृह में स्थित रसोईघर व यहां पर बनाए जाने खाने की गुणवत्ता को भी चेक किया। सचिव ने बताया कि पीड़ित मुआवजा योजना के अंतर्गत जिला न्यायालय के आदेशानुसार मुआवजा प्रदान किया जाता है जिसमें एसिड अटैक, शारीरिक शोषण, हत्या इत्यादि के मामले शामिल है। योजना का लाभ उठाने के लिए पीड़ित व्यक्ति द्वारा पुलिस कार्रवाई में सहयोग किया जाना आवश्यक होता है।

उन्होंने यह भी बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पीड़ित मुआवजा योजना का लाभ लेने के लिए पीडित व्यक्ति को वकील की फीस भरने की कोई आवश्यकता नहीं होती। योजना के अंतर्गत जिला एडीआर सेंटर में स्थापित कानूनी सहायता केंद्र पर उपस्थित अधिवक्ताओं से मुफत कानूनी सलाह व सहायता प्राप्त की जा सकती है।

पानीपतः सीआईए ने गहने चोरी करने वाला पकड़ा

पानीपत। सीआईए टू पुलिस टीम ने एकता विहार कॉलोनी में तनेजा हास्पिटल के सामने रावल मेडिकल के उपर बने कमरे का ताला तोड़कर सोने के गहने चोरी करने के आरोप में दीपक पुत्र दलबीर निवासी गांव डिडवाड़ी जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। इस मामले में थाना चांदनी बाग में अंकित निवासी एकता विहार कॉलोनी की शिकायत केस दर्ज है।

लूट केस में फरार चल रहे चौथे आरोपी को पकड़ा

पानीपत। हुडा सेक्टर 13 में वृंदा एन्कलेव के पास 11 मार्च की देर शाम शराब ठेकेदार को चोट मारकर 4 लाख 48 हजार रूपए व एक्टिवा लूटने की वारदात में शामिल फरार चल रहे चौथे आरोपी अंकित उर्फ जैली निवासी खेड़ी गुर्जर सोनीपत को सीआईए वन पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया है। सीआईए वन प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि थाना सेक्टर 13/17 में इंद्रपाल पुत्र रामलाल निवासी देशराज कॉलोनी की शिकायत पर केस दर्ज है।

उद्यम पुरस्कार को आवेदन मांगे

पानीपत। उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने बताया कि भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय एमएसएमई पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इस वर्ष कुल 44 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, वहीं पुरस्कार आवेदन की अंतिम तिथि 15 मई निर्धारित की गई है।

गांव कुराड़ जाने वाली दो सडकें जर्जर

पानीपत। पानीपत के गांव कुराड़ से ड्रेन नंबर दो के बाईपास से होकर गांव मोहाली व पानीपत जाने वाली सडक जर्जर हो चुकी है। इस सड़क पर आवागमन करने में नागरिकों को भारी परेशानी होती है। ग्रामीणों ने पीडल्यूडी विभाग से मांग की है कि शीघ्र ही उक्त दोनों सडक़ों को बनाया जाए अन्यथा उन्हें बीडीपीओ कार्यालय पर धरना देना पड़ेगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना के तत्वावधान में वार्षिक धार्मिक परीक्षा आयोजित

अकाल एकेडमी के विद्यार्थियों का उम्दा प्रदर्शन मनवीर सिंह और रवनीत कौर ने मारी बाजी

■ परीक्षा में एकेडमी के अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

अकाल एकेडमी होली में सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना के तत्वावधान में वार्षिक धार्मिक परीक्षा का आयोजन इस वर्ष भी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यह परीक्षा विद्यार्थियों में धार्मिक ज्ञान, सिख इतिहास और गुरबाणी की समझ को गहन बनाने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है।

बराड़ा। वार्षिक धार्मिक परीक्षा के बाद सर्टिफिकेटों के साथ एकेडमी के छात्र। फोटो : हरिभूमि

गुरबाणी जीवन में उतारें

परीक्षा में एकेडमी के अनेक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पूरे समर्पण भाव से तैयारी की। विद्यार्थियों ने धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करने के साथ-साथ गुरबाणी के गूढ़ अर्थों को समझने तथा उन्हें अपने जीवन में अपनाने का प्रयास किया। परीक्षा परिणामों में अकाल एकेडमी के विद्यार्थियों का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। विशेष रूप से मनवीर सिंह और रवनीत कौर ने अपने-अपने जोन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। इन उपलब्धियों ने न केवल एकेडमी का नाम रोशन किया बल्कि यह विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और आध्यात्मिक समर्पण का प्रतीक बनी।